हिंदी | Hindi

फास्ट फूड नियोक्ताओं/कामगारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना:

NYC'S FAIR WORKWEEK & FAST FOOD DEDUCTIONS LAWS

NYC Consumer Affairs

उपभोक्ता मामलों का विभाग श्रम नीति एवं मानक कार्यालय (Department of Consumer Affairs Office of Labor Policy & Standards (OLPS)) NYC’s Fair Workweek and Fast Food Deductions laws (NYC के उचित कार्य सप्ताह तथा फास्ट फूड कटौती कानूनों) को लागू करता है, जो 26 नवंबर, 2017 से लागू हुए। DCA ने नियोक्ताओं तथा कर्मचारियों के लिए यह संक्षिप्त विवरण तैयार किया। अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों सहित अधिक जानकारी के लिए, इस पर जाएं: **nyc.gov/dca**

टिप्पणी:

- नियोक्ता कर्मचारियों को इस प्रकार दंडित नहीं कर सकते, जुर्माना नहीं लगा सकते, प्रतिशोध नहीं ले सकते या उनके विरुद्ध कोई ऐसी कार्रवाई नहीं कर सकते जो कर्मचारियों को इस कानून के तहत उनके अधिकारों का प्रयोग करने से रोके या विचलित करे। कामगारों को ऐसे प्रतिशोध के संबंध में OLPS से तुरंत सम्पर्क करना चाहिए। पुस्तिका के पिछले भाग को देखें।
- इस कानून में प्रवास की स्थिति पर ध्यान दिए बिना सभी कामगार शामिल हैं।



कानून के बारे में

Fair Workweek Law के तहत NYC में फास्ट फूड नियोक्ताओं को कामगारों को पूर्वानुमान लगाने योग्य कार्य समय-सारणियों और नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने से पहले नई उपलब्ध शिफ्टों में कार्य करने का अवसर अवश्य देना चाहिए।

Fast Food Deductions Law के तहत फास्ट फूड नियोक्ताओं को DCA से रजिस्ट्रेशन पत्र प्राप्त गैर-लाभ संस्थाओं को भुगतान करने के लिए उनके वेतन से स्वैच्छिक कटौती करने के अनुरोध को स्वीकार करना होगा। इस कानून में गैर-लाभ संस्थाएं भी शामिल हैं। इस कानून के तहत श्रम संगठनों को अंशदान करने की अनुमति नहीं है।

शामिल नियोक्ता

नियोक्ता - उप-ठेकेदारों तथा अस्थायी सहायक कर्मचारी फर्मों सहित - जिनके कामगार NYC में किसी फास्ट फूड संस्थान में कोई कार्य करते हैं। *शामिल कर्मचारियों संबंधी भाग* देखें।

कोई फास्ट फूड प्रतिष्ठान:

- मुख्य रूप से खाद्य तथा पेय पदार्थ उपलब्ध कराता है।
- वहाँ है जहाँ ग्राहक परिसर के अंदर या बाहर खाने से पहले भुगतान करते हैं।
- सीमित सेवा देता है।
- किसी चेन का हिस्सा है। और
- एक एकीकृत उद्यम के हिस्से या अलग स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजियों सहित राष्ट्रीय स्तर पर 30 या अधिक प्रतिष्ठानों में से एक है।

अन्य प्रकार के प्रतिष्ठान जैसे मॉल आदि में स्थित फास्ट फूड प्रतिष्ठान इस कानून के तहत शामिल हैं।

शामिल कर्मचारी

ऐसे कर्मचारी जो NYC में किसी फास्ट फूड प्रतिष्ठान में निम्नलिखित में से कम से कम कोई एक कार्य करते हों:

- ग्राहक सेवा
- खाना बनाना
- खाना या पेय तैयार करना
- सुपुर्दगी
- सुरक्षा
- आपूर्ति या उपकरणों की स्टॉकिंग
- सफाई
- दैनिक रखरखाव

अधिकारों का नोटिस

नियोक्ताओं को नीचे वर्णित नोटिस प्रत्येक NYC कार्यस्थल पर ऐसे स्थान पर अवश्य लगाने चाहिए जहाँ कर्मचारी इन्हें आसानी से देख सकें।

- आपको एक पूर्वानुमान लगाने योग्य कार्य समय-सारणी का अधिकार है*
- आपको आपके नियोक्ता के माध्यम से गैर-लाभ संस्थाओं में अंशदान करने का अधिकार है

*नियोक्ताओं को यह नोटिस DCA की वेबसाइट **nyc.gov/dca** पर उपलब्ध होने पर कार्यस्थल पर अंग्रेजी और किसी ऐसी अन्य भाषा में लगाना चाहिए जो उस कार्यस्थल पर कम से कम 5 प्रतिशत कामगारों की मुख्य भाषा हो।

कर्मचारियों के अधिकारों का संक्षिप्त विवरण

Fair Workweek Law

कार्य के पहले दिन या इससे पहले लिखित में सद्विश्वास अनुमान तथा प्रथम कार्य समय-सारणियाँ

कार्य समय-सारणी का 14 दिन (2 सप्ताह) का अग्रिम नोटिस

शिफ्ट शुरू होने के 14 दिन के अंदर एक लिखित समय-सारणी में कुछ जोड़े जाने के लिए कामगार की लिखित सहमति

14 दिन से कम समय के नोटिस पर समय-सारणी में सभी बदलावों के लिए प्रीमियम भुगतान - नीचे तालिका देखें

*clopening** शिफ्टों में कार्य करने के लिए कामगार की लिखित सहमति और $100 का प्रीमियम

नियोक्ता द्वारा नए कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने से पहले नई उपलब्ध शिफ्टों में कार्य करने के लिए वर्तमान कर्मचारियों को प्राथमिकता देना

*किसी *clopening* का अर्थ है 2 दिन में 2 शिफ्ट कार्य करना जहाँ पहली शिफ्ट एक दिन में समाप्त होती है और दोनों शिफ्टों के बीच 11 घंटे से कम का समय हो।

Deductions Law

गैर-लाभ संस्था से खुलासे प्राप्त करना

किसी गैर-लाभ संस्था को भुगतान करने हेतु वेतन से स्वैच्छिक भुगतान कटौती करने के लिए नियोक्ता को प्राधिकृत करना

DCA द्वारा गैर-लाभ संस्था को रजिस्टर किए जाने के बाद स्वत: कटौती तथा गैर-लाभ संस्था को भुगतान

स्वैच्छिक भुगतान कटौती के लिए प्राधिकार को रद्द करना

अंतिम समय में समय-सारणी में परिवर्तन के लिए प्रीमियम भुगतान दरें:

परिवर्तन लागू होने से पहले नोटिस की राशि	अतिरिक्त कार्य समय या शिफ्टें	शिफ्टों में परिवर्तन परंतु कुल कार्य समय में कोई बदलाव नहीं	कार्य समय या शिफ्टों में कमी
14 दिन से कम समय का नोटिस	प्रति परिवर्तन $10	प्रति परिवर्तन $10	प्रति परिवर्तन $20
7 दिन से कम समय का नोटिस	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $45
24 घंटे से कम समय का नोटिस	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $75

उस स्थिति में प्रीमियम का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होती जब:

1. नियोक्ता निम्न कारणों से इकाई बंद कर देता है: कर्मचारियों की सुरक्षा या नियोक्ता की सम्पत्ति को खतरा; सार्वजनिक सुविधा की विफलता; सार्वजनिक यातायात बंद होना; आग लगना, बाढ़ आना या अन्य प्राकृतिक आपदा; सरकार द्वारा आपातकाल की स्थिति की घोषणा।
2. कामगार किसी विशिष्ट शिफ्ट में कार्य करने के लिए अपनी समय-सारणी में बदलाव का अनुरोध करता है।
3. कर्मचारी किसी दूसरे कर्मचारी के साथ शिफ्ट बदल लेता है।
4. नियोक्ता को शिफ्ट बदलने पर ओवरटाइम देना होगा।

रिकॉर्ड कीपिंग

नियोक्ताओं को उल्लिखित समयावधि के लिए नीचे दिए गए इलेक्ट्रॉनिक अनुपालन रिकॉर्ड अवश्य रखने चाहिए। यदि कोई नियोक्ता रिकॉर्ड नहीं रखता है या प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो जब कर्मचारी अपनी शिकायत न्यायालय में लाते हैं तो उन्हें उनके पक्ष में "rebuttable presumption" ("खंडन करने योग्य अनुमान") का लाभ मिलता है। इसका अर्थ है कि यह नियोक्ताओं की जिम्मेदारी होगी कि वे यह प्रमाणित करें कि उन्होंने कानून का उल्लंघन नहीं किया।

उचित कार्य सप्ताह कानून

नियोक्ता को निम्नलिखित रिकॉर्ड अवश्य रखने चाहिए:

- **प्रति सप्ताह** कामगार के कार्य के घंटे
- प्रत्येक कामगार द्वारा जितनी **शिफ्टों में कार्य** किया गया है और उनकी तारीख, समय तथा स्थान
- कर्मचारियों को दिए गए कार्य घंटों का **सद्विश्वास से अनुमान**
- आवश्यक होने पर *clopenings* में कार्य करने तथा समय-सारणी में बदलाव के लिए कर्मचारी की **लिखित सहमति**
- कामगारों को दी जाने वाली **प्रत्येक लिखित समय-सारणी**
- तारीखों तथा राशि सहित कामगारों को भुगतान किए जाने वाले **सभी प्रीमियम**

तीन (3) वर्षों का रिकॉर्ड रखें।

कटौती कानून

नियोक्ता को निम्नलिखित रिकॉर्ड अवश्य रखने चाहिए:

- गैर-लाभ संस्थाओं के लिए सभी प्राधिकार देने के मामले, प्राधिकार रद्द करने के मामले, कटौतियाँ और अंशदान
- अधिकारों के अपेक्षित नोटिस के वितरण का प्रमाण

दो (2) वर्षों का रिकॉर्ड रखें।

> से अधिक

शिकायतें

OLPS में शिकायत दर्ज करवाएं। nyc.gov/dca पर जाएं या **311 पर सम्पर्क करें** (NYC से बाहर 212-NEW-YORK) और "Fair Workweek Law" या "Deductions Law" की जानकारी लें। OLPS जाँच करेगा और शिकायत का समाधान करने का प्रयास करेगा। **OLPS शिकायतकर्ता की पहचान को तब तक गोपनीय रखेगा जब तक जाँच पूरी करने के लिए या कानून के तहत इसे प्रकट करना आवश्यक न हो।**

न्यायालय में मामला दर्ज करवाएं। फिर भी, कर्मचारी एक ही समय में OLPS में शिकायत और न्यायालय में दावा एक साथ नहीं कर सकते।

OLPS से सम्पर्क करें

nyc.gov/dca पर जाएं, FWW@dca.nyc.gov पर ई-मेल करें या **311 पर सम्पर्क करें** और "Fair Workweek Law" या "Deductions Law" के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

NYC | **Consumer Affairs**

Bill de Blasio
Mayor

Lorelei Salas
Commissioner

NYC उपभोक्ता मामलों का विभाग DCA) संपन्न समुदाय बनाने के लिए न्यूयॉर्क वासियों की रोज़मर्रा की आर्थिक जिन्दगियों का संरक्षण करता है और उसे बेहतर बनाता है।

08/2018